**No of Question – 45**

सेट – 1

# CLASS XI

## HINDI (CORE) - A

**(Compulsory)**

**Full Marks - 90**

**Pass Marks – 30**

**निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए दो (2) अंक निर्धारित हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**खण्ड – (क)**

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा (प्रश्न संख्या 1 से 5 के) उत्तर दीजिए।**

शिक्षा सिर्फ इक्कीस साल की उम्र तक नहीं चलती बल्कि यह तो जीवनपर्यन्त जारी रहती है। जीवन किसी नदी सा होता है जो कभी स्थिर नहीं होता सदैव गतिशील रहता है, सदैव जीवंत और समृद्ध होता हे। जब हम समझते हैं कि हमने नदी के एक हिस्से को समझ लिया है और उस हिस्से को पकड़ कर रखते है तो वह सड़ा हुआ पानी होता है। नदी तो प्रवाह में रहती है। नदी की सारी गतिविधियों को उन सारी चीजों को जो उस पर हो रही है, ध्यानपूर्वक देखना, समझना, उनसे सीधे संपर्क में होना, यही जीवन है और इसके लिए हम सभी को तैयार होना है।

वास्तव में शिक्षा का मतलब कुछ परीक्षाएँ पास कर लेना भर नहीं बल्कि इस समस्याओं पर विचार करने लायक होना भी है। ताकि आपका मन यांत्रिक और परंपराबद्ध न हो जाए, ताकि आपका मन सृजनशील हो ताकि आप समाज के अनुकूल होने में ही न लगे रहें बल्कि उसे तोड़कर पूर्णतः नए का सृजन करें।

1) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

(A) शिक्षा का उद्देश्य (B) देश प्रेम

(C) नदी और पहाड़ (D) परीक्षा

XI th / March-2019 / Hindi-Core-A / SET-I / Pg-01 of 10

2) शिक्षा कब तक जारी रहती है?

(A) इक्कीस साल तक (B) जीवन पर्यंत

(C) सोलह साल तक (D) बचपन तक

3) जीवन की तुलना किससे की गई है?

(A) नदी (B) तालाब

(C) समुद्र (D) झील

4) शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य क्या है?

(A) परंपराओं को जानना

(B) यांत्रिक हो जाना

(C) परीक्षाएँ पास कर लेना

(D) सृजनशील बनाना

5) जीवंत शब्द का क्या अर्थ होता है?

(A) जीना

(B) जीवन से भरा होना

(C) जीना सीखना

(D) शून्य हो जाना

निर्देश :– निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर (प्रश्न संख्या 6 से 10 का) उत्तर दीजिए।

शांति नहीं तब तक जब तक
सुख भाग न सबका सम हो
नहीं किसी को बहुत अधिक हो
नहीं किसी को कम हो।
न्यायोचित अधिकार माँगने
से न मिले तो लड़के
तेजस्वी छीनते समर को
जीत या कि खुद मर के।

P ②

6) शांति कब संभव है?

(A) सुख भाग जब सम हो।

(B) सुख भाग सम ना हो।

(C) किसी को अधिक मिल जाए।

(D) किसी को कम मिलने पर।

7) न्यायोचित का क्या अर्थ है?

(A) न्याय के अनुसार उचित

(B) न्याय के अनुसार अनुचित

(C) न्याय द्वारा प्राप्त

(D) न्याय नहीं करना

8) तेजस्वी की युद्ध में क्या भूमिका होती है?

(A) समर जीतना या आत्मोत्सर्ग करने की

(B) कल्पना करने की

(C) आदेश देने की

(D) भागने की

9) शांति का विलोम शब्द क्या है?

(A) अशांति

(B) सुखांत

(C) विशांति

(D) सम

10) 'समर' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) शाम

(B) युद्ध

(C) समरस

(D) अमर

## खण्ड - ख

11) निबंध का अर्थ क्या होता है?

(A) बाँधना (B) घटाना

(C) तोड़ना (D) जोड़ना

12) 'माता के नाम पत्र' पत्र लेखन के किस भेद के अंतर्गत आता है?

(A) औपचारिक (B) अनौपचारिक

(C) सरकारी (D) अर्द्ध-सरकारी

13) संपादकीय किसके द्वारा लिखा जाता है?

(A) पत्रकार (B) संपादक

(C) कवि (D) साहित्यकार

14) जनसंचार का श्रव्य माध्यम कौन सा है?

(A) दूरदर्शन (B) समाचार पत्र

(C) रेडियो (D) पत्रिकाएँ

15) समाचार लेखन की शैली क्या कहलाती है?

(A) विवेचनात्मक शैली (B) उल्टा पिरामिड शैली

(C) संस्मरणात्मक शैली (D) वर्णनात्मक शैली

16) रिपोर्ट में दी गयी जानकारी का स्वरूप कैसा होना चाहिए?

(A) काल्पनिक

(B) कथात्मक

(C) विस्तृत

(D) तथ्यात्मक और सच्ची घटना पर आधारित

17) समाचार लेखन में कितने 'ककार' होते है?

(A) चार (B) छः

(C) तीन (D) आठ

M (4)

18) आलेख ............... का ही एक रूप है?

(A) निबंध

(B) उपन्यास

(C) नाटक

(D) एकांकी

19) जनसंचार के आधुनिक माध्यमों में सबसे पुराना माध्यम कौन सा है?

(A) रेडियो

(B) प्रिंट माध्यम

(C) टेलीविजन

(D) मोबाइल

20) पत्रकारिकता का मूल तत्व क्या है?

(A) कल्पना

(B) संस्मरण

(C) जिज्ञासा

(D) नीति

## <u>खण्ड – ग</u>

निर्देश : (प्रश्न संख्या 21–23) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अंधकार की गुहा सरीखी<br>
उन आँखो से डरता है मन<br>
भरा दूर तक उनमें दारूण<br>
दैन्य दुख का नीरव रोदन!

21) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से उद्धृत है?

(A) घर की याद

(B) पथिक

(C) वे आँखें

(D) सबसे खतरनाक

22) इन पंक्तियों के कवि कौन है?

(A) महादेवी वर्मा

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) निराला

17 (5)

23) कवि ने किसान की आँखों की तुलना किससे की है ?

(A) अंधेरी गुफा (B) गहरा समुद्र

(C) फैला आकाश (D) विस्तृत धरती

24) कबीरदास ने किसका खंडन किया है ?

(A) बाह्य आडंबर और रूढ़िवाद का

(B) शासन पक्ष का

(C) लोगों के विचारों का

(D) संवेदनाओं का

25) मीराबाई ने अपना पति किसे स्वीकार किया है ?

(A) राम (B) कृष्ण

(C) विष्णु (D) शिव

26) रत्नाकार ने किसकी सवारी लाने के लिए स्वर्ण सड़क तैयार कर दी है ?

(A) लक्ष्मी (B) सरस्वती

(C) विष्णु (D) शिव

27) 'वे आँखें' कविता हिन्दी के किस काव्य-धारा से प्रभावित है ?

(A) प्रयोगवाद (B) प्रगतिवाद

(C) छायावाद (D) नई कविता

28) कवि (अवतार सिंह पाश) के अनुसार सबसे खतरनाक स्थिति कौन सी है ?

(A) मेहनत की लूट (B) गद्दारी

(C) पुलिस की मार (D) सपनों का मर जाना

29) दुष्यंत कुमार ने हिंदी कविता में उर्दू की किस विधा का प्रयोग किया है ?

(A) गीत (B) गजल

(C) नई कविता (D) गाने

30) 'चँद्र विहँस देता है' पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास (B) उपमा

(C) रूपक (D) मानवीकरण

निर्देश : (प्रश्न संख्या 31-33) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

भारत माता दरअसल यही करोड़ों लोग हैं और 'भारत माता की जय' से मतलब हुआ इन लोगों की जय का। मैं उनसे कहता कि तुम इस भारत माता के अंश हो, एक तरह से तुम ही भारत माता हो, और जैसे-जैसे ये विचार उनके मन में बैठती उनकी आँखो में चमक आ जाती, इस तरह मानो उन्होंने कोई बड़ी खोज कर ली हो।

31) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) विदाई-संभाषण (B) गलत लोहा

(C) भारत माता (D) आत्मा का ताप

32) भारत-माता की जय का क्या अर्थ है?

(A) देश के युवाओं की जय

(B) देश के करोड़ों लोगों की जय

(C) देश के राजनेता की जय

(D) अपनी माँ की जय

33) किनकी आँखों में चमक आ जाती थी?

(A) गाँव के लोगों की (B) सैनिकों की

(C) मजदूरों की (D) व्यापारियों की

34) मियाँ नसीरुद्दीन कौन थे?

(A) कवि (B) नानबाई

(C) सैनिक (D) लेखक

35) 'पथेर पांचाली' फिल्म के निर्माण में सत्यजित राय को सबसे अधिक किस कठिनाई का सामना करना पड़ा?

(A) सामाजिक (B) आर्थिक

(C) मानसिक (D) शारीरिक

36) विदाई-संभाषण पाठ में किसकी विदाई की चर्चा की गई है?

(A) लार्ड कर्जन (B) मेकाले

(C) वारेन हेस्टिंग्स (D) माउन्ट बेटेन

37) गलता लोहा के लेखक कौन है?

(A) मन्नू भण्डारी (B) मोहन राकेश

(C) शेखर जोशी (D) कृश्न चंदर

38) स्पीति में किस धर्म का प्रभाव अत्यधिक दिखाई देता है?

(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म

(C) हिंदू धर्म (D) इस्लाम धर्म

39) जामुन का पेड़ फलदार पेड़ है यह कह कर कृषि विभाग ने फाइल किस विभाग में भेज दी?

(A) हॉटीकल्चर (B) मेडिकल

(C) कल्चरल (D) परिवहन

40) 'आत्मा का ताप' (सैयद हैदर रजा) किस विधा की रचना है?

(A) कहानी (B) नाटक

(C) आत्मकथा (D) एकांकी

41) कुमार गंधर्व के अनुसार लता मंगेशकर के संगीत की लोकप्रियता का क्या कारण है?

(A) गानपन (B) शुद्धता

(C) भावुकता (D) श्रृंगार की अभिव्यक्ति

42) किस प्रकार के संगीत शास्त्रीय नियमों से पूर्ण रूप से बँधे होते है ?

(A) लोकगीत (B) चित्रपट के गीत

(C) पहाड़ी गीत (D) शास्त्रीय संगीत

43) 'राजस्थान की रजत बूँदे' पाठ में किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ?

(A) पानी की समस्या (B) मिट्टी की समस्या

(C) भोजन की समस्या (D) वायु की समस्या

44) राजस्थान में कुंई बनाने वाले को किस नाम से पुकारते हैं ?

(A) लोहार (B) चेलवांजी

(C) कारीगर (D) मजदूर

45) किसके घर कार्य करने पर बेबी हालदार के जीवन में अनेक परिवर्तन आ गए ?

(A) मुखर्जी (B) आशापूर्णा देवी

(C) तातुश (D) सुनील

M (9)

सेट – 1

# उत्तर कुंजी

## वर्ग –

| प्रश्न सं0 | सही उत्तर | प्रश्न सं0 | सही उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | A | 21 | C |
| 2 | B | 22 | C |
| 3 | A | 23 | A |
| 4 | D | 24 | A |
| 5 | B | 25 | B |
| 6 | A | 26 | A |
| 7 | A | 27 | B |
| 8 | A | 28 | D |
| 9 | A | 29 | B |
| 10 | B | 30 | D |
| 11 | A | 31 | C |
| 12 | B | 32 | B |
| 13 | B | 33 | A |
| 14 | C | 34 | B |
| 15 | B | 35 | B |
| 16 | D | 36 | A |
| 17 | B | 37 | C |
| 18 | A | 38 | B |
| 19 | B | 39 | A |
| 20 | C | 40 | C |
| | | 41 | A |
| | | 42 | D |
| | | 43 | A |
| | | 44 | B |
| | | 45 | C |